## एक नजर में

### गर्ल्स कॉलेज में मनाया भारतीय शिक्षा दिवस

**शाजापुर, 7 जुलाई .** किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में गत 4 जुलाई को शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की स्थापना दिवस पर भारतीय शिक्षा दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ. तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत किया गया. अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य यतीश धाकड़ ने की. मुख्य वक्ता भारतीय भाषाएं एवं जन जागरण की संयोजक डॉ. गीता नायक उज्जैन ने शिक्षा बचाओ आंदोलन से शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की विकास यात्रा को विस्तार से बताते हुए भारतीय, भारतीयता, शिक्षा और भाषा के सहसंबंधों की गहराई से पड़ताल करने की बात कही. साथ ही 2004 के पूर्व एनसीईआरटी, दिल्ली विश्वविद्यालय एवं इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में जो विकृतियां एवं विसंगतियां थी, उन्हें आंदोलन जन जागरण विधायिका एवं न्यायालय के दरवाजे खटखटाकर उन्हें दूर किया गया. आज यह संस्था कई विषयों एवं आयामों पर कार्य कर देश को विकसित भारत की दिशा में ले जाने के लिए प्रयत्नशील है. संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. संदीप कुमार सिंह ने किया. इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही.

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण

**शाजापुर, 7 जुलाई .** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगामी 9 जुलाई को कालापीपल तहसील में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रियंका शुक्ला ने कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया. कलेक्टर सुश्री बाफना ने निरीक्षण के दौरान हेलीपेड, रोड शो मार्ग तथा कार्यक्रम से संबंधित अन्य स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी. कलेक्टर सुश्री बाफना ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी तैयारियां समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने, कार्यक्रम स्थल पर मंच, बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युतए स्वच्छता, बैरिकेडिंग, पार्किंग, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. इसके बाद कलेक्टर सुश्री बाफना एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती शुक्ला ने जनपद पंचायत कालापीपल के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा कर सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजकुमार हलदर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

### तीन दिन बाद झमाझम बरसे मेघ

**शुजालपुर, 7 जुलाई .** तीन दिन के विराम के बाद मंगलवार को क्षेत्र में एक बार फिर मानसून मेहरबान हुआ. दिनभर उमस भरे मौसम के बाद शाम को पहले रिमझिम बारिश शुरू हुई और इसके बाद करीब आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई. अच्छी बारिश से लोगों को उमस से राहत मिली, वहीं खेतों में नमी बढ़ने से किसानों के चेहरे खिल उठे. बारिश के चलते शहर के कई हिस्सों में नालियों की समय पर सफाई नहीं होने का असर भी देखने को मिला. कई स्थानों पर नालियों का पानी सड़कों पर बहता नजर आया, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा. दूसरी ओर लगातार हो रही बारिश से जिले के तालाबों और जलाशयों का जलस्तर भी बढ़ने लगा है. भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस से मंगलवार सुबह 8 बजे तक जिले में 13.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई. सर्वाधिक 21 मिमी वर्षा कालापीपल तहसील में हुई. पिछले 24 घंटे में शाजापुर में 15 मिमी, मोहन बड़ोदिया में 7 मिमी, शुजालपुर में 10 मिमी, कालापीपल में 21 मिमी, गुलाना में 14 मिमी, पोलायकलां में 18 मिमी तथा अकोदिया बड़ोदिया में 12 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई. एक जून से अब तक शाजापुर तहसील में 220 मिमी, मोहन बड़ोदिया में 219 मिमी, शुजालपुर में 227 मिमी, कालापीपल में 226 मिमी, गुलाना में 208 मिमी, पोलायकलां में 275.5 मिमी तथा अवंतिपुर बड़ोदिया में 216 मिमी वर्षा दर्ज की गई है. जिले में अब तक 227.3 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है, जबकि जिले की सामान्य औसत वर्षा 987.7 मिमी है.

### सोयाबीन 7030 और लहसुन 15 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक बिका

**शुजालपुर, 7 जुलाई .** कृषि उपज मंडी समिति शुजालपुर में मंगलवार को विभिन्न कृषि जिंसों की कुल 8075 क्विंटल आवक दर्ज की गई. अनाज मंडी में 2475 क्विंटल तथा सब्जी मंडी में प्याज और लहसुन की 5600 क्विंटल आवक रही. दिनभर कुल 1462 कृषि उपज अनुबंध हुए. खरीफ फसल की बुआई और सोयाबीन की बोवनी जमने के बाद अतिरिक्त रखी हुई सोयाबीन किसानों द्वारा मंडी में बेची जा रही है, जिससे मंडी में पिछले कुछ दिनों से सोयाबीन की आवक बडी है. मंडी में सोयाबीन के भाव सबसे अधिक 7030 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचे, जबकि मॉडल भाव 7000 रुपए रहा. गेहूं 2086 से 2611 रुपए प्रति क्विंटल के बीच बिका, जिसका मॉडल भाव 2431 रुपए रहा. चना सफेद 5500 से 8420 रुपए, चना मौसमी 4900 से 5640 रुपए तथा चना कांटा 4800 से 5560 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर बिका. धनिया 13060 रुपए, मूंग 6530 से 6930 रुपए, मसूर 5800 से 6500 रुपए और सरसों 6200 से 6800 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर कारोबार हुआ. सब्जी मंडी में प्याज की 4100 क्विंटल आवक रही. इसके भाव 500 से 2780 रुपए प्रति क्विंटल के बीच रहे, जबकि मॉडल भाव 1450 रुपए रहा. वहीं लहसुन की 1500 क्विंटल आवक दर्ज की गई. लहसुन के भाव 1500 से 15 हजार रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचे और इसका मॉडल भाव 10,500 रुपए प्रति क्विंटल रहा.

### जनसुनवाई में 120 आवेदन आए

**शाजापुर, 7 जुलाई .** मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आज संपन्न हुई जनसुनवाई में 120 आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई जिला पंचायत सीईओ सुश्री मनीषा वास्कले ने की. इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर आलोक वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

# जुआरियों-सटोरियों का क्या होगा अंजाम, क्योंकि पुलिस का बदल गया है निजाम

**खेत-खेत जुआं और गली-गली सट्टे की पर्ची अब नजर आएगी या नहीं**

**थाना प्रभारियों में बेचैनी का आलम**

**शाजापुर, 7 जुलाई. पुलिस में यश युग समाप्त हो गया है. अब पुलिस का निजाम बदल चुका है. सटोरिये, जुंआरी और जिले के थाना प्रभारी बीते वर्षों से शुक्ल पक्ष में जीवन व्यतीत कर रहे थे, लेकिन अब नए कप्तान के आने के बाद कई थाना प्रभारियों का कृष्ण पक्ष शुरू हो सकता है. क्योंकि अभी तक जिले के कई थानांतर्गत खुलेआम सट्टा, जुआं चल रहा था. अब देखना यह है कि इस पर कितनी लगाम लगती है. शहर में कुछ दिनों से सटोरियों का आलम यह था कि ऐसा लगता था कि जिले में पुलिस ना के बराबर थी. अब इसे सटोरियों की किस्मत कहें कि उन्होंने इन सालों में जमकर चांदी काटी है और मनी रोग से पीड़ित थाना प्रभारियों को जमकर लक्ष्मी दर्शन कराए हैं. अब नए कप्तान के आने के बाद देखना है कि जंगल-जंगल, खेत-खेत, गली-गली में जुआं-सट्टा चल पाता है या नहीं.**

गौरतलब है कि शाजापुर जिले में सट्टे-जुएं का कारोबार चरम पर था. नए पुलिस अधीक्षक के आगमन के बाद उम्मीद की जा रही है कि ओपन टू क्लोज का यह कारोबार क्लोज हो सकता है. हालांकि ओपन टू क्लोज के व्यापारियों की जड़ें इतनी मजबूत हैं कि पुलिस का निजाम बदलते देख कुछ समय के लिए वे गोपनीय तरीके से अपने काम को अंजाम देंगे. जिस तरीके से *नवभारत* ने पिछले दिनों शहर में सट्टे का स्टिंग ऑपरेशन किया था. अब लगता है कि उस तरीके से शाजापुर में सट्टा शहर में चलना मुश्किल हो सकता है. राजनीतिक संरक्षण के चलते शहर में शाजापुर को सट्टापुर की उपाधि मिल गई थी.

### बेचैनी के साथ सन्नाटा है कई थाना प्रभारियों में

अभी तक कई थाना प्रभारी शुक्ल पक्ष के साथ मजे में थे, लेकिन नए कप्तान के आने के बाद कई थाना प्रभारियों में बेचैनी के साथ सन्नाटा छाया हुआ है. खासकर ग्रामीण क्षेत्र के कोतवाल पुलिस के बदलते निजाम को लेकर हैरान-परेशान हैं.

### क्या कसेरा बाजार के सट्टे पर लगेगी लगाम

शाजापुर का सबसे चर्चित कसेरा बाजार का सट्टा हर हाल में फलता-फूलता रहा. धर्मशाला में संचालित इस सट्टे पर पुलिस ने कभी भी सख्ती नहीं दिखाई. या यूं कहें कि शहर के छोटे-छोटे सटोरियों को तो पुलिस पकड़ती रही, लेकिन कसेरा बाजार के सट्टे पर पुलिस लगाम लगाने में विफल रही. अब देखना है कि नए कप्तान के आने के बाद शाजापुर शहर का सबसे चर्चित कसेरा बाजार का सट्टा बंद होता है या नहीं. क्योंकि कसेरा बाजार का सट्टा कई मायनों में चर्चा का केंद्र रहा है. धर्मशाला के अंदर ये सट्टा किसी शासकीय कार्यालय से कम नहीं लगता है. या यूं कहें कि धर्मशाला के अंदर जिस तरीके से सट्टा संचालन देखा जाता है, ऐसा लगता है कि जैसे जनकल्याण शिविर लगा हो. अब देखना है कि नवागत पुलिस अधीक्षक के आने से शहर और जिले में सट्टे पर कितनी सख्ती होती है.

### ग्वाड़े का ताला तोड़कर 10 बकरे-बकरियां चोरी, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**शुजालपुर, 7 जुलाई.** पुलिस थाना मंडी अन्तर्गत ग्राम भुगोर में अज्ञात बदमाश ग्वाड़े का ताला तोड़कर 10 बकरे-बकरियां चोरी कर ले गए. पीड़ित द्वारा काफी तलाश के बाद भी पशुओं का सुराग नहीं लगने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार ग्राम भुगोर निवासी लाड़सिंह बामनिया ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके पास तीन बकरियां, तीन बकरे और चार बच्चे सहित कुल 10 पशु थे. 7 मई की शाम करीब 7 बजे वह उन्हें जंगल से चराकर घर लाया और ग्वाड़े में बांधकर ताला लगाकर अपने घर चला गया. अगली सुबह करीब 6 बजे जब वह पशुओं को छोड़ने पहुंचा तो ग्वाड़े का ताला टूटा मिला और सभी बकरे-बकरियां व उनके बच्चे गायब थे. इसके बाद उसने आसपास के गांवों और हाट-बाजारों में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. अंततः उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### श्रीवास्तव संभालेंगे एसडीओ की जिम्मेदारी

**शुजालपुर, 7 जुलाई.** जल संसाधन उपसंभाग शुजालपुर के अनुविभागीय अधिकारी सहायक यंत्री के स्थानांतरण के बाद विभाग ने नई अस्थायी व्यवस्था लागू की है. अधीक्षण यंत्री, जल संसाधन मंडल उज्जैन ने इस संबंध में कार्यालयीन आदेश जारी किया है. जारी आदेश के अनुसार सहायक यंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी मयंक स्वर्णकार का मध्यप्रदेश शासन के आदेश के तहत अशोकनगर स्थानांतरण होने के बाद शुजालपुर उपसंभाग में कार्य व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गई है. आदेश के तहत जल संसाधन उपसंभाग शुजालपुर में पदस्थ वरिष्ठ उपयंत्री बालकृष्ण श्रीवास्तव को आगामी आदेश तक अथवा शासन द्वारा नियमित पदस्थापना होने तक अनुविभागीय अधिकारी, जल संसाधन उपसंभाग शुजालपुर का कार्यभार सौंपा गया है.

# शाजापुर जिले में भेरू का नहीं, भवानी का राज...

**बात शाजापुर की**
मनोज पुरोहित

एक दशक बाद फिर शाजापुर में नारी शक्ति का मॉडल देखने को मिल रहा है. या यूं कहें कि महिला सशक्तिकरण का उदाहरण बन चुका है शाजापुर. जिले में अब भेरू नहीं भवानी का राज चल रहा है. कलेक्टर से लेकर एसपी, एसडीएम से लेकर सीईओ, शिक्षा के मंदिर से लेकर स्वास्थ्य के द्वार तक सभी जगह मातृ शक्ति कायम है. जिले के सभी प्रमुख पदों पर मातृ शक्ति के हुकुम की ही तामिल हो रही है. प्रशासनिक जटिल पहेलियों को सुलझाने और कानून व्यवस्था को ठीक करने में कोमलता और कठोरता का यही संतुलन जिले में देखने को मिल रहा है. अब जिले में ये आवाज नहीं आती है कि साहब कहां है. अब आवाज आती है कि मैडम जी कहां है. शाजापुर की हवाओं में भेरू की सादगी से ज्यादा भवानी के अनुशासन का दम है. प्रशासनिक फाइलों में अब चूड़ियों का जादू देखने को मिल रहा है. अब तक खाकी महिला सशक्तिकरण के खाके में फिट नहीं बैठ रही थी, लेकिन अब महिला एसपी के आने से महिला सशक्तिकरण का काकस पूरा हो गया है.. रही बात प्रशासनिक भेरूओं की, तो अब वे उंगलियों पर गिनने लायक बचे हैं. कलेक्टर महिला, एसडीएम महिला, जिला पंचायत सीईओ महिला, जिला शिक्षा अधिकारी महिला, डाइट प्राचार्य, सीएम राइज प्राचार्य, जिला परिवहन अधिकारी महिला, खाद्य विभाग महिला, जिला आबकारी की प्रभारी अधिकारी भी महिला, विपणन संघ अधिकारी महिला, जिले के एक अनुभाग में एसडीएम महिला, नगर पंचायत में सीएमओ महिला, रक्षित निरीक्षण महिला, महिला सशक्तिकरण अधिकारी महिला, शुजालपुर नपाध्यक्ष महिला और अब पुलिस अधीक्षक भी महिला के रूप में पदस्थ हो गई हैं. ऐसा नहीं है कि प्रशासन में ही महिला सशक्तिकरण है. राजनीति में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर मातृशक्ति सुशोभित है. प्रशासनिक भेरूओं की बात करें, तो कुछ भेरूओं के तबादले हो गए हैं, लेकिन वे अभी जिले से रूख्सत नहीं हुए हैं. एक दशक बाद शाजापुर जिले में फिर महिला सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण देखने को मिल रहा है.

**कीचड़ तो बहुत है शाजापुर में, फिर भी कमल बमुश्किल खिलता है...**

कहा जाता है कि कीचड़ में ही कमल खिलता है, तो शाजापुर की गलियां इन दिनों कीचड़ से सराबोर है. लेकिन उसके बाद भी शाजापुर के कीचड़ में कमल बमुश्किल खिलता है. या यूं कहें कि शाजापुर के कीचड़ में कमल के बीज पनप नहीं पाते हैं. अब देखना यह है कि जिस प्रकार शहर की गलियां, रोड कीचड़ से भरपूर हैं. आगामी नगर पालिका चुनाव में इनमें कमल दोबारा अंकुरित होता है या नहीं.

**हाईवे का बहाना, बिजली जाने का नहीं है कोई ठिकाना...**

शहर में इन दिनों बिजली का आलम यह है कि दिन हो, रात हो, सुबह हो, शाम हो, कभी भी बंद हो जाती है. कभी मेंटेनेंस के नाम पर, कभी आंधी-तूफान के कारण तार गिरने के नाम पर, कभी भी बिजली बंद हो सकती है. अब बिजली विभाग को एक नया बहाना मिल गया है कि हाईवे चौड़ीकरण के दौरान तार शिफ्टिंग हो रही है. बिजली विभाग इस बात का भी ध्यान रखता है कि प्रशासनिक साहब बहादुरों को गर्मी न लगे, इसलिए वे छुट्टी के दिन ही हाईवे पर तार शिफ्टिंग का काम करते हैं. अब तो आलम यह है कि यदि हवा राजस्थान में चलती है, तो लाइट शाजापुर में बंद हो जाती है. पानी यदि इंदौर में गिरता है, तो लाइट शाजापुर में गुल हो जाती है. आंधी-तूफान यदि भोपाल में आता है, तो लाइट शाजापुर में चली जाती है. लगता है लाइट भी टीवी पर लाइव समाचार देखने लगी है.

**अंत में...**

जिले से भेरूओं का किनारा हो गया और देवियों का राज कायम हो गया...

# सुसनेर में चल रहा अवैध गर्भपात का खेल..!

**बिना मान्यता के इलाज करने वालों पर उठे सवाल**

**सुसनेर, 7 जुलाई. नगर में कथित रूप से बिना आवश्यक योग्यता और वैधानिक अनुमति के गर्भपात कराने तथा महिला रोग विशेषज्ञ होने का दावा करने वाले कुछ लोगों की गतिविधियों को लेकर सवाल उठ रहे हैं. स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि कुछ निजी क्लीनिकों में नियमों के विपरित गर्भपात कराए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं. यदि इन शिकायतों में सच्चाई है, तो यह महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ माना जाएगा.**

स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना मान्यता और आवश्यक विशेषज्ञता के गर्भपात जैसी संवेदनशील चिकित्सा प्रक्रिया कराना कानून का उल्लंघन होने के साथ.साथ मरीजों के जीवन के लिए भी खतरा बन सकता है. आरोप है कि ऐसे मामलों पर प्रभावी निगरानी और कार्रवाई नहीं होने से इस प्रकार की गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है. नगरवासियों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि ऐसे सभी निजी क्लीनिकों और अस्पतालों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, चिकित्सकों की डिग्रियों एवं पंजीकरण का सत्यापन किया जाए तथा यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से चिकित्सा कार्य या गर्भपात कराते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए. स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, गर्भपात केवल कानून के प्रावधानों के अनुरूप, अधिकृत स्वास्थ्य संस्थानों में और योग्य पंजीकृत चिकित्सकों द्वारा ही किया जाना चाहिए. अनाधिकृत स्थानों पर कराया गया गर्भपात महिलाओं के स्वास्थ्य और जीवन के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है.

> ***इनका कहना है***
>
> *मैं आज छुट्टी पर हूं. मैं कल आकर इस मामले को संज्ञान में लेता हूं.*
>
> *- डॉ. बीबी पाटीदार, बीएमओ, सुसनेर*

### 20 विद्यार्थियों को मिली साइकिल

**मोहन बड़ोदिया, 7 जुलाई.** दुधाना स्थित शासकीय हाई स्कूल में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि सरपंच राकेश जायसवाल थे. समारोह में विद्यालय के 20 विद्यार्थियों को शासन की योजना के तहत निःशुल्क साइकिलें वितरित की गई. साइकिल मिलने से छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे. इस योजना का उद्देश्य दूरदराज से आने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है. कार्यक्रम में पंचायत सचिव कैलाश कटारिया, संकुल प्राचार्य आशा श्रीवास्तव, श्याम कारपेंटर, मानसिंह भिलाला, रोजगार सहायक ओमप्रकाश बैरागी, महेश विश्वकर्मा और राकेश पुष्पद सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

# चोरी गई कॉपर केबल बरामद, 3 लोग गिरफ्तार

**मोहन बड़ोदिया, 7 जुलाई. पुलिस ने सोलर ऊर्जा प्लांट से चोरी हुई कॉपर केबल के मामले का खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 900 मीटर स्ट्रिंग कॉपर केबल, जिसकी अनुमानित कीमत 3 लाख रुपए है, बरामद की है.**

22 मई 2026 को एनटीपीसी सोलर ऊर्जा प्लांट के कर्मचारी गजेन्द्र सिंह पिता चंदर सिंह सौंधिया उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम देहरीपाल ने थाना मोहन बड़ोदिया में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 मई 2026 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा सोलर प्लांट यूनिट-2, ब्लॉक क्रमांक-3, देहरीपाल से लगभग 900 मीटर स्ट्रिंग कॉपर केबल चोरी कर ली गई है. रिपोर्ट पर थाना मोहन बड़ोदिया में अपराध क्रमांक 2026 अंतर्गत धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं एसडीओपी अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मोहन बड़ोदिया उपनिरीक्षक अरविन्द सिंह तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया. विवेचना के दौरान मुखबीर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दिनांक 6 जुलाई को आरोपियों फूलसिंह पिता मदन सिंह गुर्जर उम्र 36 वर्ष, ईश्वर पिता सीताराम गुर्जर उम्र 40 वर्ष एवं बाबूलाल पिता दरियाव गुर्जर उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम कृपालपुर कोल्या, थाना कानड़, जिला आगर-मालवा को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गई 900 मीटर स्ट्रिंग कॉपर केबल, जिसकी अनुमानित कीमत 3 लाख रुपए है, बरामद की गई. गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया.

### जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**मोहन बड़ोदिया, 7 जुलाई.** शाजापुर जिले की दुधाना ग्राम पंचायत में एचडीएफसी बैंक द्वारा किसानों और ग्रामीणों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में बैंकिंग सेवाओं, कृषि ऋण योजनाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पंचायत के उत्कृष्ट विकास कार्यों का भी सम्मान किया गया. दुधाना पंचायत में आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को एचडीएफसी बैंक की विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं, आधुनिक बैंकिंग सेवाओं और सरकार की लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई. बैंक अधिकारियों ने किसानों से डिजिटल बैंकिंग अपनाने और उपलब्ध सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की. पंचायत के विकास कार्यों के लिए सरपंच राकेश जायसवाल को सम्मान पत्र प्रदान किया गया. इस अवसर पर बैंक के क्लस्टर हेड प्रवीण व्यास, ब्रांच मैनेजर चंद्रभान सिंह, एग्री मैनेजर कृष्णपाल सिंह जादौन, सृष्टि राठौर और दीपक यादव आदि मौजूद थे.

**एक नजर में** ▶ **मोड़ी में स्पीड ब्रेकर व बैरिकेड्स लगाने की मांग, तहसील कार्यालय में सौंपा ज्ञापन**

# गोवंश की मौत के बाद विहिप-बजरंग दल का फूटा आक्रोश

**सुसनेर, 7 जुलाई. ग्राम मोड़ी स्थित नेशनल हाईवे-752 बी पर लगातार हो रहे सड़क हादसों में गोवंश की मौत से नाराज विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे डग रोड स्थित तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन में मांग की गई कि भोपाल मार्ग पर ग्राम मोड़ी के समीप हाईवे पर तत्काल स्पीड ब्रेकर एवं बैरिकेड्स लगाए जाएं, ताकि तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण हो सके और आए दिन हो रही गोवंश की मौतों पर रोक लगाई जा सके. संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि उक्त स्थान पर वाहनों की अत्यधिक गति के कारण कई बार सड़क हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई गोवंश की दर्दनाक मौत हुई है. उनका कहना है कि यह स्थान दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन चुका है, लेकिन अब तक आवश्यक सुरक्षा उपाय नहीं किए गए हैं. विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्पीड ब्रेकर और बैरिकेड्स नहीं लगाए गए तो गोवंश की सुरक्षा को लेकर चरणबद्ध एवं उग्र आंदोलन किया जाएगाए जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी. ज्ञापन सौंपने के दौरान विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### पशु केसीसी लक्ष्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**शाजापुर, 7 जुलाई.** जिपं सीईओ सुश्री मनीषा वास्कले के निर्देशन में जिपं सभागार में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिले के चारों विकासखंडों के पशु चिकित्सा अधिकारियों की पशु किसान क्रेडिट कार्ड पशु केसीसी योजना की समीक्षा की गई. जिपं सीईओ सुश्री मनीषा वास्कले ने बैठक में विकासखंडवार पशु केसीसी की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पात्र पशुपालकों के पशु केसीसी प्रकरण तैयार कर संबंधित बैंकों में समयबद्ध रूप से जमा करने के निर्देश दिए गए.